**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 15.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

********************

हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र के पाती पिरी में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड में तीन शीर्ष नक्सली मारे गए हैं। जिसमें एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन , 25 लाख रुपए का इनामी रघुनाथ हेंब्रम और 10 लाख रुपए का इनामी बीरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन शामिल है। पुलिस ने नक्सलियों के पास से एक–47 जैसे घातक हथियार भी बरामद किया । दो सौ 9 कोबरा और हज़ारीबाग़ पुलिस की संयुक्त टीम को यह सफलता मिली ।. ऑपरेशन के बाद पूरे क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। मुठभेड़ में दो सीआरपीएफ के जवान घायल हुए है । जिन्हें हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए लाया गया।.दोनों जवान खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं।

********************

सर्वोच्च  न्याजयालय ने वक्फ कानून पर रोक लगाने से इंकार किया है लेकिन वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है। किसी व्यक्ति को अपनी संपत्ति वक्फ के रूप में समर्पित करने से पहले पांच साल तक मुस्लिम धर्म का पालन करने की आवश्यकता वाले खंड पर रोक लगा दी गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि यह खंड तब तक निलंबित रहेगा जब तक राज्य सरकारें ऐसी शर्तें निर्धारित करने के लिए नियम नहीं बना लेतीं।

********************

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू झारखंड के सात दिवसीय दौरे पर आज देवघर पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया। के. राजू संथाल क्षेत्र में पार्टी को सशक्त बनाने के लिए समीक्षा बैठक करेंगे. साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी करेंगे। मीडिया से बात करते हुए के. राजू ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधा।

********************

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई उपयोगकर्ता अब एक दिन में 10 लाख रुपये तक के व्यक्ति–से–व्यापारी लेनदेन कर सकते हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम–एनपीसीआई ने निर्धारित श्रेणियों में व्यक्ति–से–व्यापारी लेनदेन के लिए एकल लेनदेन सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है। एनपीसीआई ने पिछले महीने प्रति लेनदेन सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया था, जबकि अधिकांश मामलों में कुल सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया गया है। हालाँकि, व्यक्ति–से–व्यक्ति लेन देन की सीमा एक लाख रुपये प्रति दिन पर बरकरार रहेगी।

********************

आयकर रिटर्न दाखिल करने की आज अंतिम तारीख है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित एक फर्जी खबर का खंडन किया है,जिसमें दावा किया गया था कि आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है।

********************

बोकारो जिले में हमारा गांव– हमारे लोग अभियान सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

इंजीनियर दिवस पर आज भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया को पूरा देश याद कर रहा है। झारखंड में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पाकुड़ जिले में इस खास दिवस पर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में सभी कार्य एजेंसियों के कनीय, सहायक और कार्यपालक अभियंताओं ने हिस्सा लिया। अभियंता समन्वय समिति के अध्यक्ष एतवारी मंडल समेत अन्य अभियंताओं ने डॉ विशेश्वरैया की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

********************

राज्य के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश हो रही है। राजधानी रांची में भी कल से रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही है। आज सुबह भी अलग–अलग हिस्सों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने रांची समेत कुल 16 जिलों भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। आगामी कुछ दिनों तक राज्य में भारी बारिश की संभावना है।

********************